दैनिक प्रातः कालीन मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

बर्षः- 04
अंकः-137
मुरादाबाद
(Saturday)
07 September 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## प्रधानमंत्री ने 'जल संचय जन भागीदारी पहल' की शुरुआत की, बोले-जल संरक्षण मानवता के भविष्य का सवाल

प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात को भी भारी संकट का सामना करना पड़ा। हमारी सारी व्यवस्थाओं में भी इतनी क्षमता नहीं है कि इस प्राकृतिक आपदा की घड़ी में हमारी मदद कर सकें, लेकिन गुजरात के लोगों और अन्य देशवासियों में ये आदत है कि संकट की घड़ी में सभी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने गुजरात में जल संचय, जन भागीदारी पहल की शुरुआत की। प्रधानमंत्री वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े।



कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि %यह बेहद अहम पहल है, जिसकी गुजरात की धरती से शुरुआत हो रही है। जल शक्ति मंत्रालय ने इस पहल की शुरुआत की है। हाल के दिनों में देश के हर कोने में भारी बारिश से तबाही जारी है। देश को कोई हिस्सा ही शायद होगा, जिसने इस प्राकृतिक आपदा की वजह से संकट न झेला हो। इस बार गुजरात को भी भारी संकट का सामना करना पड़ा। हमारी सारी व्यवस्थाओं में भी इतनी क्षमता नहीं है कि इस प्राकृतिक आपदा की घड़ी में हमारी मदद कर सकें, लेकिन गुजरात के लोगों और अन्य देशवासियों में ये आदत है कि संकट की घड़ी में सभी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो जाते हैं।% प्रधानमंत्री ने कहा कि %जल संरक्षण सिर्फ एक नीति नहीं है बल्कि यह एक प्रथा है। यह हमारी जिम्मेदारी भी है। जब भावी पीढ़ियां हमारा आकलन करेंगी तो हमारा जल के प्रति जो रवैया है, उसका भावी पीढ़ी सबसे पहले आकलन करेंगी। यह जीवन-मरण का सवाल है और यह मानवता के भविष्य का सवाल है। इसलिए हमने सतत विकास के लिए जिन नौ संकल्पों को सामने रखा है, उनमें जल संरक्षण पहला संकल्प है।%%धानमंत्री ने कहा %जल संरक्षण, प्रकृति संरक्षण...हमारे लिए नए शब्द नहीं हैं। ये भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा है। हम उस संस्कृति के लोग हैं, जहां जल को ईश्वर का रूप कहा गया है। नदियों को देवी माना गया और सरोवरों, कुंडों को देवालय का दर्जा मिला है।% प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि %मैंने सरदार सरोवर बांध को पूरा करने की चुनौती ली थी और कई चुनौतियों और बाधाओं के बावजूद गुजरात में जल संरक्षण पहल की शुरुआत की। शुरुआत में हमारे विरोधियों ने हम पर तंज कसे कि जो पाइप डाले जा रहे हैं, उनसे पानी की जगह हवा की सप्लाई होगी, लेकिन हमारी मेहनत का फल मिला और इसे अब पूरी दुनिया देख रही है।%प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने पर्यावरण के लिए देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की है। जब पेड़ लगते हैं तो भूजल का स्तर बढ़ता है। बीते कुछ सप्ताह में मां के नाम पर देश में करोड़ों पेड़ लगाए जा चुके हैं। ऐसे कितने ही अभियान और संकल्प हैं, जो 140 करोड़ देशवासियों की भागीदारी से आज जनांदोलन बनते जा रहे हैं। हमारी सरकार पूरे समाज के लिए काम करने की सोच के साथ काम कर रही है। बीते 10 वर्षों में हमारी सभी प्रमुख योजनाओं को देखें तो हमने जल संबंधी मुद्दों पर कई वर्जनाओं को तोड़ा है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ के लिए रोडवेज चलाएगा सात हजार बसें, तीन चरणों में बांटकर बनी कार्ययोजना

महाकुंभ मेले को तीन चरणों में बांटकर कार्ययोजना बनाई गई है। पहला चरण 12 से 23 जनवरी, दूसरा 24 जनवरी से सात फरवरी तथा तीसरा चरण 8 से 27 फरवरी के बीच रहेगा।प्रयागराज महाकुंभ के मद्देनजर बृहस्पतिवार को परिवहन निगम मुख्यालय में बसों के संचालन को लेकर बैठक हुई। निगम के प्रवक्ता अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मेले के लिए परिवहन निगम सात हजार बसें चलाएगा। 550 शटल बसें भी चलाई जाएंगी। इसमें 200 सिटी बसें व 350 निगम की बसें लोकल रूट पर चलेंगी। अपर प्रबंध निदेशक ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।उन्होंने बताया कि महाकुंभ मेले को तीन चरणों में बांटकर कार्ययोजना बनाई गई है। पहला चरण 12 से 23 जनवरी, दूसरा 24 जनवरी से सात फरवरी तथा तीसरा चरण 8 से 27 फरवरी के बीच रहेगा। मुख्य स्नान 13, 14, 29 जनवरी और 3 व 26 फरवरी को है। अस्थायी बस स्टेशनों से बसों के संचालन के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक तैनात किए जाएंगे। ये अस्थायी बस स्टेशन आठ चिह्नित स्थानों पर बनाए जाएंगे।लखनऊ, अयोध्या, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, बांदा रूट पर चेकपोस्ट भी बनेगी। ख्यालय पर एक सेंट्रल कंट्रोल रूम की स्थापना होगी। क्षेत्रीय एवं केंद्रीय कंट्रोल रूम प्रयागराज में तैनात अधिकारी सीसीटीवी एवं वॉकी टॉकी के जरिये बस स्टेशनों पर भीड़ पर निगरानी रखेंगे।

## 'बिना चिंता उपचार कराइए, पैसा सरकार देगी' सीएम योगी ने इलाज के लिए मदद मांगने आए लोगों से कही बात

गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम योगी ने गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मदद मांगने आए लोगों को आश्वस्त किया। अधिकारियों को त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं। उपचार में जो भी पैसा खर्च होगा वह सरकार देगी।



मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। बात करने के दौरान भावुक हो गई एक महिला को आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने सभी से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए। माई! वृंदावन या काशी, जहां चाहो वहां करा देंगे व्यवस्था- शुक्रवार को जनता दर्शन के दौरान एक बुजुर्ग महिला से मुलाकात कर उसकी समस्यासुनकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी भावुक उठे। अपने घर वालों के उपेक्षात्मक रवैये से आहत इस बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि उम्र के इस पड़ाव में अपने ही परिवार से मिल रहा दुख वह नहीं सहन कर पा रही हैं। सीएम योगी ने पूछा कि वह क्या चाहती हैं? बुजुर्ग महिला ने कहा कि उसकी इच्छा अब जीवन के बाकी बचे दिन किसी धर्मनगरी में बिताने की है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, 'माई! वृंदावन या काशी या जहां भी रहने की इच्छा हो, बता दो। सारी व्यवस्था हम कर देंगे।' मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बुजुर्ग महिला की सम्मान सहित देखभाल की जाए और जिस भी जगह यह जाना चाहती हैं, वहां भेजकर रहने और अन्य जरूरतों की सभी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## सुल्तानपुर एनकाउंटर

### अखिलेश ने मुठभेड़ को फर्जी बताया; कहा- दो दिन पहले उठाए गए आदमी को मार डाला, कोर्ट दखल दे

सुल्तानपुर सराफा कांड के आरोपी की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। इसको लेकर अखिलेश यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा सर्वोच्च न्यायालय इसको लेकर तुरंत संज्ञान में ले। सुल्तानपुर में सराफा दुकान में डकैती को अंजाम देने वाले आरोपी का बृहस्पतिवार को हुए एनकाउंटर से प्रदेश की सियासत गरमाने लगी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एनकाउंटर को फर्जी बताया है। कहा, दो दिन पहले जिसको उठाने के बाद एनकाउंटर के नाम पर हत्या की गई है, अब उसकी मेडिकल रिपोर्ट बदलवाने का दबाव बनाया जा रहा है। इसका सर्वोच्च न्यायालय तुरंत संज्ञान ले, इससे पहले कि सुबूत मिटा दिए जाएं।।अखिलेश ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि यह प्रतीत होता है कि सुल्तानपुर की डकैती में शामिल लोगों से सत्ता पक्ष का गहरा संपर्क था। इसीलिए नकली एनकाउंटर से पहले 'मुख्य आरोपी' से संपर्क साधकर सरेंडर करा दिया गया। अन्य के पैरों पर सिर्फ दिखावटी गोली मारी गई और एक की जाति देखकर उसकी जान ले ली गई। कहा, जब मुख्य आरोपी ने सरेंडर कर दिया है तो लूट का सारा माल भी वापस होना चाहिए। सरकार को पीड़ित कारोबारी को मुआवजा भी देना



चाहिए।उन्होंने कहा कि नकली एनकाउंटर रक्षक को भक्षक बना देते हैं। उन्होंने भाजपा राज को अपराधियों का अमृतकाल बताते हुए कहा कि जब तक जनता का रोष चरम सीमा पर नहीं पहुंच जाता है, तब तक लूट में हिस्सेदारी का काम चलता रहता है। जब लगता है कि जनता घेर लेगी तो नकली एनकाउंटर का का दिखावा होता है। जनता सब समझती है कि कैसे कुछ लोगों को बचाया जाता है और कुछ को फंसाया जाता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा अध्यक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ लोगों को सिर्फ जाति ही दिखती है। राजनीतिक संकीर्णता में फंसे लोग जाति, मजहब के आधार पर समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। जाति के नाम पर दंगा करवाने वाले अखिलेश यादव अहंकार में बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। माफिया ने राजू पाल की हत्या कर दी थी, तब कुर्सी की चिंता में कुछ नहीं बोले थे। सजा देना अदालत का काम = शिवपाल- सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भी एनकाउंटर को फर्जी बताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस को सरकार के इशारे पर पार्टी बनने की जरूरत नहीं है। कोई भी सरकार स्थायी नहीं होती है। किसी को सजा देने का अधिकार सिर्फ अदालत के पास है। सरकार को जवाब देना चाहिए। एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। गुंडागर्दी सपा के डीएनए में = पाठक- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि जब सपा सत्ता में थी, तब अपराधियों ने सरकार की मदद से जनता को लूटा था। बहू-बेटियों की अस्मत लूटी जाती थी। गुंडागर्दी और अराजकता को बढ़ावा देना सपा के डीएनए में है। भाजपा सरकार हर हाल में अपराधियों का सफाया करेगी।

## 69000 शिक्षक भर्ती: अभ्यर्थियों ने यूपी के मंत्री डॉ. संजय निषाद का आवास घेरा, बोले- नियुक्ति दें

69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को यूपी सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद के आवास के सामने प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए नियुक्ति की मांग की।69000 शिक्षक भर्ती




के अभ्यर्थी प्रदेश में लगातार धरना प्रदर्शन कर अपना पक्ष रख रहे हैं। शुक्रवार को अभ्यर्थियों ने यूपी सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद के आवास के सामने प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। अभ्यर्थियों ने सरकार पर भर्ती में आरक्षण का घोटाला करने का आरोप लगाया है और पिछड़े वर्ग और अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की मांग की है।इसके पहले अभ्यर्थियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री ओम प्रकाश राजभर और आशीष पटेल के आवास का भी घेराव किया।धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा अभ्यर्थी चार साल से सड़कों पर भटक रहे हैं। अब कोर्ट का फैसला आया है तो इसका पालन नहीं हो रहा है। कोर्ट ने भर्ती की मूल चयन सूची रद्द कर सरकार को तीन महीने में आरक्षण नियमों का पालन करते हुए नई सूची जारी करने का आदेश दिया है, लेकिन सरकार ने अब तक कोई काम शुरू नहीं किया है। इससे अभ्यर्थियों में नाराजगी है।

## संपादकीय Editorial

# A show-off criminal bill

The 'Aparajita Mahila and Bal Bill' (Criminal Law and Amendment) was passed unanimously in the West Bengal Assembly. This is a political effort to calm the tension, anger, resentment and protests that have been seen in many parts of Bengal after the rape-murder of Doctor Bitiya in Kolkata RG Kar Hospital. Chief Minister Mamata Banerjee fears that such widespread protest may disintegrate her traditional support base, so she had to get this bill passed in view of the harsh punishments for rape, murder and sexual harassment. The main opposition party BJP also supported the bill, because this issue is very sensitive. However, this will prove to be a show-off bill and may remain hanging in the 'Rashtrapati Bhavan'. In fact, no state can make laws parallel to the central laws. In all states, only the central laws are effective and applicable in crime and other matters. Although the states also have the right to make separate laws, they cannot change the central law. If the state does so, the governor has to send that passed bill to the President. The bill passed in the Bengal Assembly talks about amendment in the Indian Justice Code (BNS), Indian Civil Defence Code and Protection of Children from Sexual Offences Act 2012 (POCSO). These laws have been passed by the Parliament. Under the sections of the central laws, there is a provision of 20 years of imprisonment, life imprisonment and death penalty for rape, gang rape and murder, while the 'Aparajita Bill' proposes only the provision of death penalty. Under the BNS, there is a provision of concessions for juvenile offenders, but 'Aparajita' proposes to abolish them. It is worth noting that the period fixed for investigation, justice and punishment is impractical, because there are many layers of justice in India. Even if the fast track court sentences the accused to death, that decision can be challenged in the High Court. After the High Court, there is the Supreme Court. Ultimately, a mercy petition can be given to the President. It is impossible to get justice from all these dimensions in just 10 days, so the death sentence in 10 days is just sloganeering. This is politics to confuse the public, so that the streets of Kolkata can be free from all kinds of politics. The final verdict of the 2012 'Nirbhaya case' was given after 8 long years. As a result, the rapists could be hanged only after that. After that, no rapist could be given death penalty. These are the loopholes in our law, although Justice JS Verma Commission was formed after the 'Nirbhaya case'. This commission gave its report in a very short time after extensive discussion. The law made by the Center on the basis of that also had a provision of death penalty as the maximum punishment for the culprit. On an average, 86 cases of rape are registered every day in our country and society, how many are given death penalty? The ruling Trinamool Congress in Bengal is an important party in the opposition camp. Earlier, Andhra Pradesh and Maharashtra had also passed bills making death penalty mandatory, but the Centre did not give its approval. The same fate may befall Bengal now. Mamata Banerjee has also done spiteful politics under the guise of the bill. She demanded resignations of Prime Minister Modi, Home Minister Amit Shah and those Chief Ministers in the House itself, in whose states the number of rapes is almost constant. Since the Prime Minister is the constitutional in-charge of the entire country, he should resign because he has failed to ensure the safety of women. What a political joke this is! Actually, rape is being used as a 'political weapon'. This is the misfortune of the country.

# Education and Life: AI will not teach what I learned from teachers... Machines are helpful, but knowledge makes you wise

You may not remember the curriculum, but can machines replace the teachers who taught you how to live, set an example with their passion for knowledge and adopted fun ways to connect with students? When I think of my best teachers, I remember their faces. A feeling of gratitude arises. Although I do not remember the curriculum they taught me. Whether the subjects were science or humanities, I remember



that these teachers set an example of their passion for knowledge and adopted fun ways to connect with students. They were not only disciplined themselves, they set such examples of moral values ??that became an inspiration in the lives of thousands of students like me. From my experiences, I learned that teachers are not just there to teach the curriculum, but also help in teaching how to accept mistakes or how education can help students discover themselves. Can any machine do this? From what I learned from my teachers, I can say that everyone should try to learn skills that machines cannot teach and that will make you a true human being. It is important to keep yourself original. It is important to remain ideologically cautious, because the habit of machines teaching you to think in the same pattern can also limit your creativity. Last summer, an artwork created by AI won the first prize at the Colorado State Fair. I also liked this artwork at first glance. But the very next moment it seemed lifeless to me. The passion, pain, longing or deeply felt living emotions of a person were missing in it. Imagination and insight, as one of my teachers used to say, are the basis of human creativity. What I learned from my teachers was something like this. Find your own voice - If you read Animal Farm and now you want to write like George Orwell, then you will do courses related to writing, take classes. You can also take the help of AI. But it is important to know what is the purpose of all this. You are reading all this so that you can bring out what is original within you. AI can do everything, but only you can recognize your own voice. Presentation skills - You always want to show that you are better than ordinary people. You give a speech, but before that it has to be prepared, in which AI can help you. But to connect with the audience, you have to calculate which thing to say first, which thing later or not to say at all, according to their mood. What will AI do in this? Child-friendliness necessary for creativity - Alison Gopnik, famous for her studies on children's mind, says that when children talk to a system like GPT-3 or play a game on the computer, they start enjoying a sweet creativity between the world of reality and imagination. But, when children talk to a living person, or play with friends in the field, then the flow of creative energy that happens, does not happen while working with AI. Obviously AI can teach a lot, but the learning that comes from living things cannot be matched. Understanding others- When you read literature, or drama, biography or history, you understand the meaning of others' attitudes and behaviour in different situations. If you can understand what is going on in someone else's mind, then you have a much more valuable skill than any machine. AI cannot teach this. Sensitivity- AI cannot tell how a person will behave in a particular situation. Yes, it can definitely tell how he should behave. But there is no guarantee that its teachings will be appropriate for every person, because every person is original. Experience, historical knowledge, humility, reflection and most importantly sensitivity are also a kind of knowledge that machines cannot give. The specialty of the AI ??era is that it forces us to separate knowledge that is not humanistic. This indicates what the reality of the coming AI era may be. AI will probably give us great tools that will help us outsource existing mental work. The most important thing about AI may be that it shows us what it cannot do, and therefore reveals who we are and what we have. Machines can be helpful, but the knowledge that makes you smarter and transforms you is beyond the purview of a machine.

# Issue: What will happen to Kaladan project of Northeast... Strong Navy based task force is important for continuous supply

The solution to Myanmar civil war, Rohingya conflict and Bangladeshi instability is not in India's direct control, but ways can be found. Bangladesh has been our friend country for years, yet despite requests from the Indian government, we have not been provided a trade route for supplies to our Northeast regions through Chittagong or Tripura. The only trade route available to us for Mizoram, Nagaland and Tripura is through Siliguri corridor. Our trucks take four days to travel from Kolkata to Imphal. If we had got a route through Chittagong, there would have been a lot of saving in time and transportation cost and the trade goods would have reached in 36 to 48 hours. Bangladesh would also have got the benefit of duty, but it did not agree. Now an alternative route for the Northeast is our strategic need. In case of war, China's aim is to cut off the Siliguri Corridor and disrupt connectivity with Assam, Arunachal Pradesh and the rest of the northeastern states. In search of a connecting route, extensive surveys found that the Kaladan River in Myanmar's Rakhine state is suitable for this purpose. This project has come into effect with the consent of the Myanmar government. The Kaladan River falls into the Bay of Bengal.



The Indian government has named this project the Kaladan Multinodal Transit Transport Project (KMTTP). The capacity of the port 'Sitwe' located on the Kaladan River was substantially increased by dredging it. The 270 km long highway from Sittwe to Paletwa and Paletwa to the Indian border is almost complete. The 110 km long road connecting the border to National Highway-54 is also close to completion. The Sittwe port was inaugurated by India's Union Minister Sarbananda Sonowal and Myanmar's Minister on 9 May 2023 and since then 70 ships have arrived, facing various problems. So far 111 thousand tonnes of goods have been transported. This route is saving almost half the time and transportation cost as compared to the long route of Siliguri Corridor. Currently the pace of trade is slow. The new problem is that Myanmar has been caught in the grip of civil war and war is going on around Sittwe city. Paletwa city, an important station on this route, has come out of the control of Myanmar government forces and has come under the control of a rebel organization called Arakan Army. This area is also of Rohingyas, many of whom have fled to Bangladesh and India. Even now their population of six lakh remains here. Now as if this misfortune was not enough, there is an atmosphere of severe instability and fear in Bangladesh after the coup of Sheikh Hasina. These events taking a sudden turn are bound to have an impact on trade, supplies etc. There are clouds of doubt over the operation of the Sittwe port and the entire project. This is a project built at a cost of Rs. 3000 crores, which is important from the point of view of India's national interest. The Indian government is not directly capable of solving the problems of Myanmar civil war, Rohingya conflict and Bangladeshi instability, but still ways can be found. India is the biggest stakeholder here. This project of India is running only through an agreement with Myanmar. Myanmar and India are on the same table, but today the rebels are in power there instead of Myanmar. According to an estimate, the number of rebel forces will be between 15 to 30 thousand. They are capable of disrupting the work. However, a solution can be found by talking to them according to their interests. As a regional rebel organization, their interests will also be linked to the operation of the port. This road runs parallel to the Chittagong Hill region of Bangladesh's border. As far as the anarchy in Bangladesh is concerned, only a regional power will establish its dominance there. In this way, there is every possibility of this area becoming a lawless area like Africa, where it will be a great challenge to establish order. The responsibility of managing that chaotic area will ultimately fall on India. Our biggest interest is also getting affected. Since India is the biggest stakeholder among the regional dwarf powers, in such a situation it will be necessary for us to demonstrate our power to control the chaos. A task force formed and controlled by the Indian Army and Navy can be given the responsibility of protecting and managing this entire Kaladan commercial project, so that regional powers cannot interfere in the operation of the port. The new anti-India ruling party of Bangladesh is in touch with foreign powers, Jihadis and organizations like ISI. They will contribute in increasing India's problems. A strong Navy-based task force in the Kaladan area can ensure continuous supply of our Northeast.

## महानगर में अतिक्रमण बना स्मार्ट सिटी के लिए नासूर, नागरिकों - व्यापारियों को हो रही असुविधा



मुरादाबाद-स्मार्ट सिटी के लिए अतिक्रमण नासूर बना है। इसके चलते बुध बाजार, जीएमडी रोड सहित अन्य क्षेत्रों में स्मार्ट सिटी परियोजना का काम अधर में लटका है। इससे नागरिकों व व्यापारियों को भी असुविधा हो रही है। लेकिन अतिक्रमण हटाने के विरोध में खुद व्यापारी और सरकार से जुड़े जनप्रतिनिधि ही खड़े हो रहे हैं।

जिससे नगर निगम प्रशासन कई बार अपने कदम रोक लेता है और महानगर के सौंदर्यीकरण का कार्य थम जाता है। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी की ओर से 127 करोड़ रुपये की लागत का स्मार्ट रोड नेटवर्क और 69.04 करोड़ रुपये का रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया का काम तय समय से एक साल से अधिक बीतने के बाद भी लटका है। इसकी कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम है। बुध बाजार में चिह्नित अतिक्रमण हटाने के लिए नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण में निर्देश दिया था। लेकिन तीन महीने बीतने के बाद भी इसका पालन नहीं हो पाया है।

इससे काम में अड़चन बनी है। वहीं जेल रोड पर चिह्नित अतिक्रमण पर लाल निशान लगाने के विरोध में व्यापारियों के साथ नगर विधायक भी सड़क पर उतरे थे। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को तानाशाही न करने की चेतावनी दी थी। तब से इस क्षेत्र में चिह्नित अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर नहीं चला। इससे करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का काम रूकने से महानगर पूरी तरह स्मार्ट नहीं हो पा रहा है। इस क्षेत्र के अलावा रेलवे स्टेशन रोड पर ही दुकानों के आगे अतिक्रमण किया गया है। जिससे बाहर से आने वालों की नजर में महानगर की छवि स्मार्ट नहीं बन पा रही है। नगर आयुक्त का कहना है कि स्मार्ट सिटी के काम को हर हाल में पूरा कराएंगे। कार्यदायी संस्थाओं को काम जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। शासन के निर्देश के क्रम में अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

## नर्स से दुष्कर्म : नहीं ले गए मेडिकल कॉलेज, बेटी को वापस लेकर पहुंचे घर...खौफ से उबर नहीं पा रही पीड़िता

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा में एबीएम अस्पताल में दुष्कर्म का शिकार हुई पीड़िता ( नर्स ) को उसके इलाज के लिए परिवार वाले ना बरेली ले गए और ना ही मेरठ मेडिकल कॉलेज...वह शुक्रवार दोपहर बिटिया को लेकर वापस अपने घर पहुंच गए। कारण जानने पर पीड़िता के पिता ने बताया कि अब उनकी बेटी ठीक लग रही है। कुछ दवाएं मिल गए हैं, उसी से आराम मिल गया है। उधर, जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि पीड़िता की हालत बिगड़ने पर उसके परिजन गुरुवार सुबह करीब 8.30 बजे उसे लेकर आए थे। पीड़िता को भर्ती कर उसका उपचार शुरू किया गया था

और उसके ब्लड टेस्ट कराए गए थे। सभी रिपोर्ट सामान्य थीं। लेकिन, वह बहुत शोर मचा रही थी। दवा वाले इंजेक्शन तक नहीं लगाने दे रही थी। टेस्टिंग के लिए ब्लड सैंपल लेना मुश्किल कर रही थी।

ऐसे में डॉ. प्रवीन शाह ने उसे मानसिक रोग विशेषज्ञ से भी दिखवाया था। विशेषज्ञ की सलाह पर पीड़िता को बरेली या मेरठ मेडिकल कॉलेज में ले जाने के लिए गुरुवार रात 9 बजे के समय रेफर किया गया था। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि पीड़िता के परिवार वालों को भी समझाया गया था कि इसका इलाज मेडिकल कॉलेज के साइकेट्रिस्ट अनुभाग में होगा। उसे साइक्लोसिस ( मानसिक दिक्कत ) हो रही है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि पीड़िता के बेहतर इलाज के लिए उसके परिवार वाले मेरठ या बरेली के मेडिकल कॉलेज ले गए होंगे।

लेकिन, पीड़िता के परिवार से उसका कुशलक्षेम जानने के लिए संपर्क किया गया तो पता चला कि रात में जिला अस्पताल से रेफर होने के बाद उसके परिवार वाले पीड़िता को किसी प्राइवेट चिकित्सक के पास ले गए थे, जहां से वापस घर ले आए हैं। पीड़िता के पिता ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब चार बजे उसकी हालत फिर खराब हो गई थी। छह बजे उसे लेकर ठाकुरद्वारा के सरकारी अस्पताल में पहुंचे थे। यहां प्रारंभिक इलाज शुरू हुआ था लेकिन, हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल ले आए थे। पिता ने बताया कि उनकी बेटी ( पीड़िता ) सांस लेने में दिक्कत होना बता रही थी। उसके सिर में भी दर्द था। खौफ से उबर नहीं पा रही पीड़िता - ठाकुरद्वारा स्थित एबीएम अस्पताल में 17 अगस्त की रात पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना घटी थी। इसके बाद अभी तक वह खौफ से उबर नहीं पाई है। उस दर्दनाक मंजर की यादें उसके दिमाग में भरी हैं। उस घटना को सोच-सोचकर वह काफी मानसिक दबाव ले रही है। धीरे-धीरे कर अब उसे मानसिक उलझन होनी शुरू हो गई है। इस दुष्कर्म की घटना में मुख्य आरोपी एवं अस्पताल संचालक डिलारी के गांव राजपुरा केसरिया निवासी डॉ. शाहनवाज जेल में है। दुष्कर्म की घटना में इस आरोपी की मदद करने वाली दूसरी नर्स/आशा मेहनाज और वार्ड ब्वॉय जुनैद भी जेल में हैं। अस्पताल की डीवीआर गायब करने का आरोपी डॉक्टर का भाई भी जेल पहुंच गया है।

### संक्षिप्त समाचार

## चलती कार बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान

पाकबड़ा-हाईवे पर चलती कार आग का गोला बन गई। चालक ने कार रोक कर किसी तरह से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। थाना क्षेत्र के गांव लोधीपुर राजपूत के पास हाईवे पर पुल के ऊपर थाना डिडौली के गांव ढकिया चमन निवासी कैफर पुत्र तहसीन अपनी रिश्तेदारी संभल में जा रहा था। तभी शॉर्ट सर्किट से कार में आग लग गई। जब तक वह कुछ समझ पाता आग ने विकराल रूप ले लिया। कार चालक ने किसी तरह कार रोक कूद कर अपनी जान बचाई। इस दौरान लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। उसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। इसी बीच थाना क्षेत्र के सब इंस्पेक्टर लोकेश कुमार अपनी टीम के साथ वहां पहुंच गए।

## गेम में 16 लाख जीतने का झांसा देकर 8 लाख रुपये की ठगी, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद-मझोला थाना क्षेत्र में एक किसान को गेम में 16 लाख रुपये जीतने का झांसा देकर आठ लाख 50 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के किरारी निवासी पप्पू किसान हैं। उसने मझोला थाने में बुद्धि विहार निवासी अमर पाल, उसके साथी मनोज और दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जिसमें पीड़ित ने बताया कि उसके गांव में अमरपाल अपने तीन साथियों के साथ पहुंचा और उसने पप्पू से कहा कि वह जमीन खरीदना चाहता है। आरोपी ने खुद को सरकारी टीचर बताया था। इसके बाद आरोपियों ने बातचीत करने के बहाने पप्पू को मुरादाबाद बुला लिया था। यहां आरोपियों ने उसे एक मकान में बैठा लिया। आरोपियों ने बताया कि अभी बाबू जी बाहर से आए हैं वह आराम कर रहे हैं। तब तक हम लोग एक गेम खेलते हैं। लेकिन पप्पू ने गेम खेलने से इन्कार कर दिया। इसके बाद आरोपी ने पप्पू को कोल्ड ड्रिंग पिला दी। इसके बाद वह नशे में हो गया। तब आरोपियों ने उसे गेम खिलवाया। इसके बाद आरोपियों ने कहा कि पप्पू तुम 16 लाख रुपये जीत गए हैं लेकिन, यह 16 लाख रुपये तब ही दिए जाएंगे जब तुम 10 लाख रुपये दिखा दोगे। पीड़ित अपने गांव गया और अपनी जमीन और अपनी पत्नी के गहने बेचकर आठ लाख 50 हजार रुपये जुटा लिए। इसके बाद वह आरोपियों के बताए पते पर


KYUN NA LIKHUN SACH

हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र


दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की

सम्पर्क करे-9027776991


## लापरवाही पर कार्रवाई: चार माह तक लटकाई जांच... दो चौकी इंचार्ज निलंबित, गलत नोटिस पर बीईओ से स्पष्टीकरण तलब

मुरादाबाद एसएसपी ने दो चौकी प्रभारियों को निलंबित कर दिया है। दोनों ने मारपीट मामले की जांच को चार माह तक लटकाए रखा। सीओ की जांच में इसकी पुष्टि हुई है। दूसरी तरफ मदरसा संचालक को नियम विरुद्ध नोटिस देने के मामले में बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया है।मुरादाबाद में एक केस की विवेचना चार माह तक लटकाए रखना दो चौकी इंचार्जों को भारी पड़ गया। एसएसपी सतपाल अंतिल



नरेंद्र कुमार और तत्कालीन प्रभारी खिलाफ विभागीय जांच के आदेश 13 वर्षीय किशोर के साथ मारपीट घायल हो गया था। इस मामले में उस वक्त पवन कुमार चौकी इंचार्ज चौकी पर हो गया था।इनके बाद चौकी इंचार्ज के समय में चार माह हुई। शिकायत मिलने पर एसएसपी चौकी प्रभारियों ने इस मुकदमे की मिलने के बाद बृहस्पतिवार रात इंचार्ज और आशियाना चौकी है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई के मदरसा संचालक को दिया था नोटिस देने के बीएसए ने खंड है। इसके लिए डीएम अनुज सिंह ने मझोला थाने की जयंतीपुर के वर्तमान प्रभारी पवन कुमार को निलंबित करते हुए दोनों के दिए हैं। मझोला के जयंतीपुर में अप्रैल माह में की घटना हुई थी। जिसमें वह गंभीर रूप से आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। थे। इसके बाद उनका ट्रांसफर आशियाना नरेंद्र कुमार चौकी इंचार्ज बनाए गए। दोनों बीत गए लेकिन केस की विवेचना पूरी नहीं ने सीओ से जांच कराई तो पता चला कि विवेचना को गंभीरता से नहीं लिया। रिपोर्ट एसएसपी सतपाल अंतिल ने जयंतीपुर चौकी प्रभारी पवन कुमार को निलंबित कर दिया आदेश दिए हैं। खंड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस- मदरसा संचालक को नियम विरुद्ध शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया बीएसए को निर्देशित किया था। चार अगस्त को नगर क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार ने करुला के मदरसा दारुल उलूम गरीब नवाज के संचालक को नियम विरुद्ध तरीके से नोटिस जारी किया था। डीएम के निर्देशों पर बेसिक शिक्षा विभाग अवैध रूप से चल रहे मदरसों का चिह्निकरण कर रहा था। उसी समय खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार करुला स्थित मदरसे में चेकिंग करने गए। बीएसए विमलेश कुमार ने बताया कि बीईओ ने अपनी सफाई में कहा है कि मदरसा संचालक ने उन्हें अंदर नहीं आने दिया। चेकिंग में बाधा उत्पन्न की, दस्तावेज मांगने पर नहीं दिखाए। उसके बाद उन्होंने उच्चाधिकारियों को बताए बिना सीधे मदरसा संचालक को नोटिस जारी कर दिया कि मदरसा अवैध रूप से संचालित हो रहा है। संचालक के खिलाफ जुर्माना लगाने व एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी भी दी। मदरसा संचालक ने इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से की। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है कि उन्होंने अधिकारियों को बताए बिना मदरसा संचालक को नोटिस क्यों जारी किया। संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## जान के दुश्मन:यूपी के इस जिले में कुत्ते हुए खूंखार.. तीन माह में चार हजार लोग बने शिकार, इनमें से 1500 बच्चे

मुरादाबाद मुरादाबाद जिले में कुत्ते अचानक खूंखार हो गए हैं। तीन माह के भीतर करीब चार हजार लोगों को वह अपना निशाना बना चुके हैं। इसमें से 1500 के करीब बच्चे हैं। एक दिन पहले ही कुत्ते के हमले में घायल बच्चे ने दम तोड़ दिया था।मुरादाबाद जिले में कुत्ते खूंखार हो गए हैं। पिछले तीन महीने में चार हजार से अधिक लोगों पर कुत्तों ने हमला किया। इसमें हर तीसरा पीड़ित बच्चा शामिल है। बच्चों की संख्या 1500 से अधिक रही। कुत्तों के हमले के शिकार इन लोगों ने जिला अस्पताल में एआरवी ( एंटी रेबीज वैक्सीन ) लगवाई है।गांवों से लेकर शहर तक खूंखार कुत्ते मासूम बच्चों को अपना शिकार बना रहे हैं। इसके बावजूद नगर निगम कुत्तों की



सड़कों पर लगभग 15 हजार कुत्ते घूम रहे हैं। इसी का नतीजा नसबंदी करने वाली कंपनी ने कागजों में तो अच्छा काम किया के अलावा जिले की नौ सीएचसी पर भी एंटी रैबीज वैक्सीन पहुंचते हैं। वहीं जिले की सीएचसी पर भी हर दिन औसतन 10 की एक डोज 300 रुपये में लगाई जाती है। संक्रमण खत्म का काम - नगर निगम की ओर से जो कंपनी कुत्तों की नसबंदी नहीं हो रही है। इसके कारण शहर में आने वाले दिनों में कुत्तों नसबंदी का दावा करती थी। नगर निगम के अधिकारियों का नसबंदी में खानापूर्ति कर रहा है। सैकड़ों कुत्तों का रिकॉर्ड ही नहीं है। शहर की है कि कुत्तों के हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं।नगर निगम की ओर से कुत्तों की लेकिन लोगों को इसका उल्टा परिणाम देखने को मिल रहा है। जिला अस्पताल लगाई जाती है। जिला अस्पताल में रोजाना औसतन 100 लोग एआरवी लगवाने से 12 लोग एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने आते हैं। निजी अस्पतालों में इसी वैक्सीन करने के लिए तीन डोज लगवानी होती हैं। 20 दिन से बंद पड़ा है कुत्तों की नसबंदी कर रही थी, उसका टेंडर समाप्त हो चुका है। पिछले 20 दिन से कुत्तों की नसबंदी के काटने की घटनाएं और बढ़ सकती हैं। कंपनी हर दिन 10 से 12 कुत्तों की कहना है कि जहां तक कुत्तों के पंजीकरण का सवाल है तो लोग इसके लिए आगे नहीं आते। पिछले दिनों निगम की ओर से कैंप भी लगाए गए थे। लोगों से पालतू कुत्तों का भी पंजीकरण कराने की अपील की गई है। 24 घंटे से पहले जरूर लगवा लें वैक्सीन - जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. रामकिशोर का कहना है कि कुत्ते के काटने पर इलाज में देरी नहीं करनी चाहिए। यदि किसी को कुत्ता काटे तो उस जगह को साबुन से करीब आधे घंटे तक धोते रहें। इसके बाद घाव या दांत के निशान वाली जगह को खुला छोड़ देना चाहिए। 24 घंटे के भीतर टिटनेस और एंटी रैबीज वैक्सीन जरूर लगवाएं। यदि घर में पालतू कुत्ता है तो उसे भी जरूरी वैक्सीन लगवानी चाहिए। महीना - एआरवी लगवाने वालों की संख्या -जून - 1488 जुलाई -1273 अगस्त - 1243 कुत्ते के हमले में घायल मासूम की इलाज के दौरान मौत- शरीफनगर गांव में कुत्ते के हमले में घायल श्यान ( 3 ) की इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। उसे 14 दिन पहले एक कुत्ते ने काटा था। मोहल्ला नई बस्ती निवासी शमीम अहमद के पुत्र श्यान पर घर के सामने ही 22 अगस्त को एक कुत्ते ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया था। उसके शरीर पर जख्मों के आठ निशान मिले थे। परिजन उसे लेकर सरकारी अस्पताल में पहुंचे, जहां पर उसको 22, 23, 26 और 30 अगस्त को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाए गए। पांचवां इंजेक्शन 05 सितंबर को लगाया जाना था लेकिन इससे पहले 04 सितंबर को देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सीएचसी ठाकुरद्वारा के अधीक्षक डॉ.राजपाल सिंह का कहना है कि बृहस्पतिवार को देर शाम उनको इस बात बारे में जानकारी मिली है। बच्चे को एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगाने और उसके इलाज के रिकॉर्ड की जानकारी के बाद ही इस बारे में अधिकृत रूप से कुछ कहा जाएगा।


क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है


# जिलाधिकारी ने मूढा पांडे स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

मुरादाबाद – जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव ने मूढापांडे विकासखंड के अंतर्गत स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिकोण से वहां उपलब्ध संसाधन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के विद्यालय पहुंचने पर वहां अध्यनरत बालिकाओं ने उनका तिलक लगाकर तथा हैंडमेड कार्ड देकर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने बालिकाओं से हिंदी की पुस्तक पढ़वाई तथा शिक्षा स्तर पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बालिकाओं की खेल के बारे में रुचि जानी जिस पर वार्डन सुधा सिंह ने बताया कि पूर्व में रामपुर में आयोजित नेहरू हांकी प्रतियोगिता अंडर -17 में विद्यालय की बालिकाएं तृतीय स्थान पर रहीं थी तथा समय-समय पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी सुनिश्चित कराई जाती है। जिलाधिकारी ने बालिकाओं की पढ़ाई के साथ-साथ खेल में रुचि को लेकर सराहना करते हुए उत्साहवर्धन भी किया। विद्यालय परिसर में स्थित मैदान पर इंटरलॉकिंग कार्य कराने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित ग्राम प्रधान को निर्देशित किया। विद्यालय में निर्धारित मेन्यू के अनुरूप भोजन तैयार कराया गया था, साफ-सफाई व्यवस्था भी बेहतर मिली तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से पीआरडी जवान भी मौके पर मौजूद मिले।



# सांपों को मारने के मामले में पुलिस का कारनामा, आठ साल पहले मरे व्यक्ति के खिलाफ लगा दी चार्जशीट

बदायूं में पुलिस का अजब कारनामा सामने आया है। सांप के जोड़े को मारने के मामले में पुलिस ने उस व्यक्ति के खिलाफ भी चार्जशीट लगा दी, जिसकी मौत आठ साल पहले हो चुकी है। बदायूं में आठ साल पहले मर चुके व्यक्ति का नाम विवेचना में शामिल कर उझानी कोतवाली पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी। मामला उस समय खुला जब मृतक के घर अदालत का नोटिस लेकर पुलिस पहुंची। अब मृतक के बेटे भगवानदास ने अदालत में पिता की मृत्यु का प्रमाण पत्र देकर देकर दोषी विवेचक पर कार्रवाई की मांग की है। विवेचक से लेकर सीओ तक को अब जवाब देते नहीं बन रहा। कोतवाली क्षेत्र के गांव बरायमय खेड़ा में राजपाल मौर्य के घर 9 अक्टूबर 2023 को सांप का जोड़ा दिखाई दिया था। उसने सांप के जोड़े को लाठी से पीटकर मार डाला था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया तो पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने राजपाल पुत्र जसपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।विवेचना में बढ़ाया जसपाल का नाम – मामले की विवेचना दरोगा मुकेश त्यागी ने की। विवेचना में मुकेश त्यागी ने जसपाल पुत्र कल्लू का नाम भी बढ़ा दिया। दोनों के खिलाफ आरोप पत्र लगाकर सीओ के यहां दाखिल किया। सीओ उझानी शक्ति सिंह ने भी बगैर सच्चाई व जांच पड़ताल के आरोप पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। सीओ के यहां से आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया गया। न्यायालय में मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपियों के खिलाफ सम्मन जारी किए। थाना पुलिस सम्मन तामील कराने गांव पहुंची तो जसपाल पुत्र कल्लू के परिजन मामला सुनते ही चौंक गए। जसपाल के बेटे भगवानदास ने पुलिस को बताया कि पिता जसपाल की मौत तो आठ साल पहले 23 मार्च 2015 को हो चुकी है। एक के खिलाफ मुकदमा, पुलिस ने बना दिए दो आरोपी– पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने जो रिपोर्ट दर्ज कराई है, उसमें राजपाल पुत्र जसपाल के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। तहरीर में एक ही आरोपी था। विवेचक मुकेश त्यागी ने गांव के ही जसपाल पुत्र कल्लू का नाम शामिल करते हुए उसे भी आरोपी बना दिया, जबकि उनका तहरीर में कहीं कोई जिक्र नहीं है। घटना के समय वह जीवित भी नहीं थे। मुकेश त्यागी मौजूदा समय में जरीफनगर थाने में तैनात हैं। दरोगा ने मृतक को करा दिया नोटिस तामील– किसी मामले में चार्जशीट से पहले या तो आरोपी को जेल भेजा जाता है या फिर उसका धारा 41 के तहत नोटिस तामील कराकर जमानत पर छोड़ दिया जाता है। विवेचक ने नोटिस भी तामील करना दर्शाया है। सवाल यह है कि मृत जसपाल को दरोगा ने कैसे नोटिस तामील करा दिया। विवेचक मुकेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उन्हें विवेचना मिली तो जांच शुरू की। छानबीन के दौरान राजपाल के साथ जसपाल का नाम भी सांप के जोड़े को मारने में सामने आया। नाम शामिल करते हुए उसको नोटिस तामील कराया था। दोनों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की गई। तब परिजन ने नहीं बताया कि जसपाल नहीं हैं। अब उनको आठ साल पहले मृत दिखाया जा रहा है। सीओ उझानी शक्ति सिहं ने कहा कि इस मामले में दो लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। न्यायालय से जो भी आदेश मिलेगा उसका पालन कराया जाएगा। मृतक का नाम बढ़ाए जाने जैसी कोई बात मेरे संज्ञान में नहीं है।


उत्तर प्रदेश सरकार
Government of Utter Pradesh
क्रम संख्या :
S.No. :
(जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 12/17 एवं उत्तर प्रदेश जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली 2003 के नियम 8 के अधीन जारी)
मृत्यु प्रमाण-पत्र
(Death Certificate)
प्रमाणित किया जाता है कि निम्नलिखित सूचना मृत्यु के मूल अभिलेख से ली गई है जो (स्थानीय क्षेत्र)
ग्राम ........ तहसील/वार्ड ........ जनपद ........
राज्य उत्तर प्रदेश के रजिस्टर में अंकित है:-
नाम
Name
पिता/पति का नाम
Name of Father/Husband
लिंग
Sex
मृत्यु का दिनांक 23-03-2015
Date of Death

# राकेश कुमार ने बाबा कॉलोनी टाउन एरिया का दौरा किया जनता से समस्या जानी

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह होली वार्ड नंबर 5 बाबा कॉलोनी आज दूसरी जगह का दौरा किया टाउन एरिया का दौरा किया जानो समस्याओं से जूझ रहे लोगों से समस्याओं के बारे में जानकारी की हर गली महिला एवं पुरुष उपस्थित हुए क्षेत्र की क्षेत्र में एरिया आता है जन्म समस्याओं से सुविधा यहां पर उपलब्ध नहीं है नगर निगम विकराल हैं भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह जनता निगम के अधिकारियों के सामने रखेंगे प्रशांत सिंघल जी से भी बातचीत करेंगे इस अधिकारियों के साथ मिलकर समस्या का जनता को दिया गया है जो भी परेशानियां है का दौरा किया सैकड़ो की तादात में जनता ने बताया है कि नगर निगम के जूझ रहा है नगर निगम की एक भी के पार्षद का चुनाव किया है समस्याएं नेता भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी से कहां है कि इस समस्या को नगर भाजपा के कद्दावर नेता महापौर समस्या का नगर निगम के समाधान करेंगे यह आश्वासन यहां की सभी जनता से सुन चुके हैं चिंता करने का कोई विषय नहीं है भाजपा की सरकार है कोई भी गाली विकास कार्य से वंचित नहीं रहेगी माननीय मुख्यमंत्री जी का भी सट्टा आदेश है क्षेत्र में कोई भी गाली विकास कार्य से कोई भी रास्ता विकास कार्य वंचित नहीं रहेगी माननीय मुख्यमंत्री जी विकास कार्य की तरफ बहुत ध्यान दे रहे हैं इस समस्या को नगर निगम से अलग नगर विकास मंत्री जी को भी अवगत कराएंगे



# मरीजों और तीमारदारों से जानी स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत, दुरुस्त मिली स्वास्थ्य सेवाएं

मुरादाबाद – जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव ने विकासखंड मूढ़ा पांडे क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने मरीजों से दवाइयों की उपलब्धता और डॉक्टरों द्वारा की जाने वाली नियमित विजिट के बारे में पूछा। ओपीडी पंजिका के अवलोकन के दौरान उन्होंने पाया कि निरीक्षण के दौरान तक 231 ओपीडी पंजीकृत हुई थी। उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति और पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती होने वाले मरीजों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की व्यवस्था के बारे में भी चिकित्सा अधीक्षक मोहम्मद अशरफ से जानकारी प्राप्त की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भीतर साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर मिली। परिसर के बाहर साफ सफाई बेहतर नहीं होने पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वह अभियान चलाकर स्वास्थ्य केंद्र के आसपास साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराएं।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

मुरादाबाद – जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यो की ( न्यायिक कार्य, कर-करेत्तर, विभागीय कार्यवाही, न्यायिक पत्रावलियों पर दाखिल, वसूली कार्यो की विस्तार से समीक्षा, स्टाम्प, विद्युत ग्राम समाज हर्जाना, वसूली इत्यादि की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्टाम्प की वसूली के संबंध में ए0आई0जी0 स्टाम्प को लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। उन्होंने आबकारी विभाग के संबंधित अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अवैध शराब की बिक्री पर भी विशेष ध्यान देकर प्रवर्तन की कार्यवाही करते रहें। जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि शराब की दुकानों में संचालित कैंटीनों के लाईसेंस निरन्तर चैक करते रहें। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी उपजिलाधिकारियों को भी अवैध शराब के संबंध में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जी0एस0टी0 डिप्टी कमिश्नर को प्रवर्तन बढ़ाकर लक्ष्य की प्राप्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने ए0आर0टी0ओ0 को व्यावसायिक वाहनों के रजिस्ट्रेशन एवं आर0सी0 वसूली पर ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में वानिकी, सिंचाई, खनन, विद्युत, पीडब्ल्यूडी, बाट-माप सहित अन्य विभागों की वसूली के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को राजस्व संबंधी कार्यो में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये और वसूली देयों पर यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। स्टाम्प देयों की पेंडेसिंयों को जल्द से जल्द समाप्त करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 के संबंध में कहा कि समस्त अधिकारी जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व ससमय निस्तारण करें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न वरतें। बैठक में भूमि विवाद रजिस्टर एवं ग्राम सम्पत्ति रजिस्टर बनाये जाने एवं नियमित तौर पर अंकन करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि तालाबों एवं खलिहानों की भूमि का चिन्हाकंन अच्छे से सुनिश्चित करके अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही की जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने विरासत, अंश निर्धारण, सीमा स्तम्भों, ई-परवाना, खसरा फीडिंग, आय-जाति, निवास प्रमाण-पत्रों की पेन्डेन्सियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी नगर, नगर मजिस्टेऊट, ए0आई0जी0 स्टाम्प, उपजिलाधिकारी सदर, ठाकुरद्वारा, कांठ, बिलारी, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी, जिला पूर्ति अधिकारी, खनन अधिकारी, आबकारी, एआरटीओ सहित संबंधित अधिकारीगण एवं कलेक्ट्रेट कर्मी उपस्थित रहें।



# थाने से शादी कर प्रेमी के साथ गई महिला की अगले ही दिन हालत बिगड़ी

क्यूँ न लिखूँ सच
अरविंद शुक्ला

